# MEDIA RELEASE

**January 2, 2026, Noida-Delhi**

## DND FLYWAY UPGRADATION WORK GETS IMPACTED ON IMPOSITION OF GRAP-IV RESTRICTIONS, COMPLETION TIMELINES EXTENDED TO FEB 2026

The proposed and ongoing upgradation work on the DND Flyway is likely to witness a temporary delay leading to extended completion timelines by a few weeks.

This is on account of proposed works schedules and continuity being impacted due to onset of hazardous air quality (AQI) conditions across the National Capital Region (NCR) leading to imposition of GRAP-IV measures. It may be noted that road improvement work, being classified as polluting work, cannot be undertaken while GRAP IV is in force.

As per the plan, Noida Toll Bridge Company Limited (NTBCL) had awarded the DND upgradation work and had commenced preliminary activities after completing all preparatory work - including material, manpower and detailed execution plans for the entire stretch - as early as third week of October 2025 with expected completion by end of December 2025 - January 2026.

Statutory restrictions under GRAP-IV prohibited upgradation, including allied activities, resulting in work commencement timeline on DND Flyway getting pushed towards December 2025, a delay of nearly five weeks.

Also, basis technical recommendation, a part of upgradation work (which was originally scheduled for November) cannot be carried out in cold NCR December temperatures as it needs specific temperature environment for completion. Continuation of work in absence of such environment may lead to sub-par outcome and therefore will be taken up in January.

These two factors have hampered the construction related progress on DND flyway, which presently has been kept on hold, affecting the completion timelines. As a responsible infrastructure operator, the Company is fully compliant with all applicable directives issued by the Authorities.

Once GRAP-IV measures are lifted and condition is conducive for commencement of road upgradation activities, the work is expected to be completed within approximately five weeks - which may now spill over the completion timelines into February 2026**.**

**NTBCL remains firmly committed to maintaining DND Flyway to world-class infrastructure standards, commuter safety, and smooth traffic movement, and continues to work closely with relevant authorities to ensure that upgradation activities resume at the earliest permissible opportunity and is completed with least possible disruption.**

Any adjustments to these timelines, arising from these external factors, are temporary in nature and the Company will keep stakeholders and commuters appropriately informed as the situation evolves.

**Media Queries:**

comms@ntbcl.com; www.ntbcl

# प्रेस विज्ञप्ति

2 जनवरी, 2026 | नोएडा–दिल्ली

## ग्रैप-IV प्रतिबंध लागू होने के कारण डीएनडी फ्लाईवे उन्नयन कार्य प्रभावित, पूर्णता समयसीमा फरवरी 2026 तक बढ़ी

डीएनडी फ्लाईवे पर प्रस्तावित एवं जारी उन्नयन कार्यों में अस्थायी विलंब होने की संभावना है, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना की पूर्णता समयसीमा कुछ सप्ताह आगे बढ़ सकती है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में खतरनाक वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की स्थिति के चलते ग्रैप-IV उपायों के लागू होने के कारण कार्य अनुसूची और उसकी निरंतरता प्रभावित हुई है। उल्लेखनीय है कि सड़क सुधार एवं संबंधित निर्माण कार्यों को प्रदूषणकारी गतिविधि की श्रेणी में रखा गया है, और ग्रैप-IV लागू रहने की अवधि के दौरान ऐसे कार्यों की अनुमति नहीं होती।

योजना के अनुसार, नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (NTBCL) ने डीएनडी फ्लाईवे के उन्नयन कार्य का आवंटन कर दिया था और समस्त पूर्व-तैयारी—जिसमें सामग्री की उपलब्धता, मानव संसाधन तथा पूरे मार्ग के लिए विस्तृत निष्पादन योजना शामिल थी—पूरी करने के उपरांत अक्टूबर 2025 के तीसरे सप्ताह में प्रारंभिक गतिविधियाँ शुरू की थीं। इस कार्य के दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच पूर्ण होने की परिकल्पना की गई थी।

ग्रैप-IV के अंतर्गत लगाए गए वैधानिक प्रतिबंधों के कारण उन्नयन कार्यों सहित उनसे जुड़ी सहायक गतिविधियों पर रोक लग गई, जिसके परिणामस्वरूप डीएनडी फ्लाईवे पर कार्य आरंभ होने की समयसीमा दिसंबर 2025 तक खिसक गई और इसमें लगभग पाँच सप्ताह का विलंब हुआ।

इसके अतिरिक्त, तकनीकी अनुशंसाओं के आधार पर उन्नयन कार्य का एक भाग—जिसे मूल रूप से नवंबर माह में किया जाना निर्धारित था—एनसीआर में दिसंबर के ठंडे तापमान में नहीं किया जा सकता, क्योंकि इस कार्य के पूर्ण होने के लिए विशेष तापीय परिस्थितियों की आवश्यकता होती है। ऐसी अनुकूल परिस्थितियों के अभाव में कार्य जारी रखने से गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, अतः इस चरण को जनवरी माह में लिया जाएगा।

इन दोनों कारणों से डीएनडी फ्लाईवे पर निर्माण से संबंधित प्रगति प्रभावित हुई है और वर्तमान में कार्य अस्थायी रूप से स्थगित है, जिससे परियोजना की पूर्णता समयसीमा आगे बढ़ गई है।

एक जिम्मेदार अवसंरचना संचालक के रूप में, कंपनी संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जारी सभी निर्देशों एवं वैधानिक प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन कर रही है।

जैसे ही ग्रैप-IV उपाय हटाए जाते हैं और सड़क उन्नयन गतिविधियों के आरंभ के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल होती हैं, कार्य के लगभग पाँच सप्ताह के भीतर पूर्ण होने की अपेक्षा है, जिसके चलते अब इसकी पूर्णता समयसीमा फरवरी 2026 तक बढ़ सकती है।

एनटीबीसीएल डीएनडी फ्लाईवे को विश्व-स्तरीय अवसंरचना मानकों, यात्रियों की सुरक्षा तथा सुचारु यातायात व्यवस्था के अनुरूप बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और संबंधित प्राधिकरणों के साथ निकट समन्वय में कार्य कर रही है, ताकि उन्नयन कार्य यथाशीघ्र अनुमेय अवसर पर पुनः आरंभ हो और न्यूनतम असुविधा के साथ पूर्ण किया जा सके।

इन बाहरी कारणों से उत्पन्न समयसीमा में किसी भी प्रकार का समायोजन अस्थायी प्रकृति का है। कंपनी स्थिति में होने वाले किसी भी परिवर्तन के संबंध में हितधारकों एवं यात्रियों को समय-समय पर सूचित करती रहेगी।

**Media Queries:**

comms@ntbcl.com; www.ntbcl